# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
## KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

### प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

एतद्द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर/व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य/बैक/एक्स के सम सेमेस्टर **(प्रोग्राम कोड KU 001 से KU 092 तथा प्रोग्राम कोड KU 500 से KU 676 तक– सूची संलग्न)** की परीक्षाओं के लिए परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु समर्थ पोर्टल तथा ई0आर0पी0 पोर्टल पर पंजीकृत सम सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों हेतु समर्थ तथा ई0आर0पी0 पोर्टल दिनांक 05–05–2026 तक खोला गया था।

तद्क्रम में पोर्टल के अध्ययन से संज्ञान में आया है कि कतिपय विद्यार्थियों द्वारा अद्यतन परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरे गये है। अतः उक्त का सन्दर्भ ग्रहण करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने की तिथि को दिनांक 11–05–2026 तक विस्तारित किया जाता है।

अतः उक्तानुसार विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि विश्वविद्यालय की सन्दर्भित सम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 11–05–2026 तक समर्थ/ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

नोट– **निर्धारित तिथि तक यदि किसी विद्यार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र कतिपय कारणों से नहीं भरा जाता है तो ऐसे विद्यार्थी दिनांक 12–05–2026 से दिनांक 16–05–2026 तक पाठ्यक्रम अनुरूप निर्धारित शुल्क का 50 प्रतिशत अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर पायेंगे। दिनांक 16–05–2026 के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

कुलसचिव

पत्रांकः केयू/प0नि0/गोपनीय/2026/158. दिनांकः 05–05–2026

प्रतिलिपि–

1– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

अमर उजाला, नैनीताल।
हिन्दुस्तान, नैनीताल।
दैनिक आज, नैनीताल।
शाह टाइम्स, नैनीताल।
न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
दैनिक जागरण, नैनीताल।
उत्तर उजाला, नैनीताल।
उत्तरांचल दीप।
राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

2– समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने का कष्ट करेंगे।
3– मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, गोपनीय अनुभाग।
4– प्रभारी, ई0आर0पी0, कु0वि0वि0 नैनीताल को वबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।
5– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव